# पाठ 4. संयुक्ताक्षर

## पाठ का उद्देश्य

इस पाठ का उद्देश्य बच्चों को संयुक्ताक्षरों के बारे में जानकारी देना और यह बताना है कि विभिन्न संयुक्ताक्षरों का प्रयोग कैसे किया जाता है तथा वे कैसे बनते हैं।

## अध्यापन संकेत

### संयुक्त व्यंजन

बच्चों को संयुक्त व्यंजनों से बनने वाले शब्दों के बारे में बताएँ। पाठ में दिए चित्रों की पहचान कराकर उनका नाम बताने को कहें। जैसे- क्षत्रिय, त्रिशूल, यज्ञ, श्रम।

### संयुक्त अक्षर

बच्चों को असमान वर्ण यानी अलग-अलग वर्णों के संयुक्त रूप से बने शब्दों के बारे में बताएँ। पाठ में दिए चित्रों की पहचान कराकर शब्दों के नाम बुलवाएँ। जैसे – पुस्तक, मक्खी, बस्ता आदि। पाठ में दिए असमान वर्णों वाले संयुक्ताक्षरों का उच्चारण करवाएँ।

### द्‌वित्व व्यंजन

बच्चों को समान वर्ण यानी एक ही वर्ण के संयुक्त रूप से बनने वाले शब्दों के बारे में बताएँ। पाठ में दिए चित्रों की पहचान कराकर उनका नाम बताने को कहें। जैसे – पत्ता, छत्ता, भुट्टा आदि। समान वर्ण वाले शब्दों का उच्चारण करवाएँ।

डिजिटल (Digital) के माध्यम से पाठ की ई-बुक विद्‌यार्थियों को दिखाकर पाठ के प्रत्येक अंग का स्पष्टीकरण कीजिए। गतिविधियों की दुनिया से परिचय भी कराइए।